अमर उजाला 01/05/2025

# छात्रों को बनाएं शैक्षणिक रूप से सशक्त : दत्त

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज ने नव चेतना मंच करनाल के साथ समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य कॉलेज के स्टार्टअप एंड इनोवेशन सेंटर के माध्यम से छात्रों को रोजगार, कॅरिअर मार्गदर्शन और सामाजिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में ठोस अवसर प्रदान करना रहा। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि उनका सदैव प्रयास रहा है कि कॉलेज के छात्र केवल शैक्षणिक रूप से ही नहीं, बल्कि सामाजिक और व्यावसायिक रूप से भी सशक्त बनें। कार्यक्रम में नव चेतना मंच के संस्थापक अध्यक्ष एसपी चौहान ने भी इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर श्याम राहेजा और डॉ. प्रबलीन कौर मौजूद रहे।

